उत्तर प्रदेश सरकार
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19–सी, विधानसभा मार्ग,
उ0प्र0, लखनऊ–226001
दूरभाष–0522–2236172, फैक्स–0522–2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

सूचना / विज्ञप्ति

समूह "घ" के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कर्मचारियों के माध्यम से भरे जाने हेतु पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के 164 रिक्त पदों के सापेक्ष पात्र 70 कार्मिकों की विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु "उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (समय–समय पर यथा–संशोधित) में निहित प्रावधानों के अनुरूप चयन प्रकिया के अर्न्तगत टंकण परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।

———

संख्याः पीआरपीबी–चार–10(15)/2021 दिनांकः जुलाई 06 2022

बोर्ड द्वारा उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लिपिक एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लेखा नियमावली 2015 यथासंशोधित 2020 के अधीन समूह "घ" के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कर्मचारियों के माध्यम से भरे जाने हेतु पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के 164 रिक्त पदों के सापेक्ष पात्र 70 कार्मिकों की विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने हेतु बोर्ड की समांक सूचना/विज्ञप्ति दिनांक 29.06.2022 के कम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत चयन हेतु टंकण परीक्षा **"इन्स्टीटयूट ऑफ कम्प्यूटर साइंसेज, रजत वूमेन कालेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट, पंचवटी, कामता, अयोध्या रोड' लखनऊ में दिनांक 11.07.2022 को अग्रेजी टंकण हेतु प्रथम पाली में समय प्रातः 10:00 से 10:15 बजे तक एवं द्वितीय पॉली में हिन्दी टंकण हेतु प्रातः 11:00 बजे से 11:15 बजे तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थीगण प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय दिनांक 11–07–2022 को प्रातः 09:00 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित** होना सुनिश्चित करें।

2– यह एक प्रतियोगात्मक चयन (SELECTION) है, जिसके लिये प्रवेश पत्रों को बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड करने व नियत तिथि एवं समय पर टंकण परीक्षा हेतु उपस्थित होने का पूर्ण दायित्व अभ्यर्थियों का होगा। संगत सेवा नियमावली में टंकण परीक्षा में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को दुबारा टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने का कोई अवसर प्रदान किये जाने का कोई प्रावधान नही है। अतः किसी भी कारणवश अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को इस टंकण परीक्षा में दुबारा सम्मिलित होने का कोई अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

3– प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने का लिंक उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट **https://admitcardbuilder2.azurewebsites.net/app/E222K6FB09** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर उसमें दिये गये फील्डस को भरकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर यथास्थान अपना फोटो चस्पा कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर लायेगें। नेट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र ही अभ्यर्थियों द्वारा प्रयोग में लाया जायेगा इसके अतिरिक्त प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र के साथ अपने पहचान पत्र के रूप में **(विभागीय पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर कार्ड में से कोई एक)** टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनिवार्य रूप से लाना आवश्यक है।

4– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें टंकण परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित "अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश" नामक शीर्षक के अर्न्तगत अंकित निर्देशों के साथ साथ उनके द्वारा कोविड के दोनो टीके लगायें जानें का प्रमाण पत्र आवश्यक है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा कोविड़ के दोनों टीके नही लगवाये गये है, तो टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये उसके द्वारा 72 घण्टे के अन्दर का आर0टी0पी0सी0आर0 निगेटिव रिपोर्ट लाना अनिवार्य है।

Prasad 06.7.2022

अपर सचिव (प्रोन्नति)
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।